हरिभूमि
# हिसार-हांसी भूमि
रोहतक, शुक्रवार 24 जुलाई 2026

12 डिवाइन लाइट की कबड्डी टीमों ने पाया पहला और दूसरा...



12 समाधान शिविर में आई सबसे ज्यादा कब्जे की शिकायतें



## हांसी के चर्चित जिम संचालक कपिल हत्याकांड में 50 हजारी रोहित उर्फ बच्चू दबोचा

# शूटरों के एनकाउंटर के बावजूद जिंदा था नेटवर्क, अब सपोर्ट सिस्टम पर चोट

- पैर में लगी गोली, आरोपी से एक पिस्तौल, दो मैगजीन व 12 कारतूस बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

शहर के फव्वारा चौक पर 11 जून को हुए चर्चित रेड जिम संचालक कपिल रेढू हत्याकांड के दोनों शार्प शूटरों के एनकाउंटर में मारे जाने के बावजूद इस वारदात को अंजाम देने वालों का नेटवर्क खत्म नहीं हुआ था। हत्या की साजिश को अंजाम तक पहुंचाने वाले सपोर्ट सिस्टम पर चोट करते हुए हांसी सीआईए-2 की टीम ने बुधवार देर रात हिस्ट्रीशीटर रोहित उर्फ बच्चू को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। उसके पैर में गोली लगी है, उसे अग्रोहा मेडिकल में भर्ती कराया गया है। पुलिस का मानना है कि रोहित की गिरफ्तारी कपिल हत्याकांड की जांच में महत्वपूर्ण कड़ी साबित हो सकती है। उससे गैंग के मददगारों, वारदात की पूरी प्लानिंग, हथियार उपलब्ध कराने वालों और फरारी के दौरान इस्तेमाल किए गए ठिकानों से जुड़े अहम खुलासे होने की संभावना है।





### रात 1 बजे पुट्ठी मंगल खां के पास छिपे होने की मिली सूचना

डीएसपी रविंद्र सिंह सांगवान ने प्रेस वार्ता में बताया कि देर रात करीब 1 बजे सीआईए-2 को गुप्त सूचना मिली थी कि आरोपी पुट्ठी मंगल खां के पास झाड़ियों में छिपा है। सूचना मिलते ही सीआईए पुलिस टीम ने इलाके की घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू किया। पुलिस टीम ने जब घेराबंदी की, तो आरोपी ने जान से मारने की नीयत से फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में गोली लगने से वह घायल हो गया और उसे मौके पर ही दबोच लिया गया। डीएसपी ने बताया कि पुलिस को आरोपी के कब्जे से एक पिस्तौल, दो मैगजीन, 12 जिंदा कारतूस तथा दो खोल बरामद किए हैं। इस संबंध में सदर थाना हांसी में आर्म्स एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर हथियारों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी गई है।

### मुख्य आरोपियों हिमांशु-प्रवेश की फरारी में की थी मदद

डीएसपी रविंद्र सांगवान के अनुसार आरोपी भिवानी जिले के भुरटाना गांव का रहने वाला 28 वर्षीय रोहित उर्फ बच्चू 11 जून को हांसी में हुए कपिल हत्याकांड में मुख्य आरोपियों हिमांशु-प्रवेश की फरारी में मदद की थी। डीएसपी ने बताया कि रोहित ने कपिल हत्याकांड के मुख्य आरोपियों हिमांशु और प्रवेश को फरारी के दौरान हर प्रकार की मदद और संरक्षण दिया था। उन्होंने बताया कि रोहित ने मुख्य आरोपियों हिमांशु और प्रवेश की कपिल की रेकी कराने के साथ-साथ उन्हें अन्य प्रकार की लॉजिस्टिक सहायता भी उपलब्ध कराई थी। उल्लेखनीय है कि इस हत्याकांड के दोनों मुख्य आरोपी पहले ही दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और एसटीएफ के साथ हुई मुठभेड़ में मारे जा चुके हैं।

### रोहित पर दर्ज हैं पांच मुकदमे

डीएसपी रविंद्र सिंह सांगवान ने बताया कि रोहित के खिलाफ वर्ष 2021 से अब तक आर्म्स एक्ट और हत्या प्रयास सहित पांच आपराधिक मामले दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि वह जमानत पर बाहर आया हुआ था और हांसी में किसी नई आपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में पुट्ठी मंगल खां गांव पहुंचा था। उन्होंने बताया कि डॉक्टरों से फिटनेस मिलने के बाद आरोपी को औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड हासिल कर उससे गहन पूछताछ की जाएगी, ताकि उसके गैंग नेटवर्क, अन्य सहयोगियों और कपिल हत्याकांड सहित अन्य आपराधिक गतिविधियों से जुड़े महत्वपूर्ण तथ्यों का खुलासा किया जा सके।

### 18 दिन पहले दोनों शार्प शूटरों को किया था ढेर

इस मामले में हरियाणा पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स बहादुरगढ़ और दिल्ली पुलिस की काउंटर इंटेलिजेंस स्पेशल सेल ने जॉइंट ऑपरेशन में हिसार के दो शार्प शूटरों हिमांशु और प्रवेश को ढेर किया था। दोनों बदमाशों ने हांसी में जिम संचालक कपिल रेढू की गोली मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने 4 जुलाई शनिवार की देर रात रात करीब 1:30 बजे दोनों के बहादुरगढ़ क्षेत्र में होने की सूचना मिली, जिसके बाद हरियाणा और दिल्ली पुलिस की टीमों ने उन्हें घेर लिया। खुद को घिरता देख दोनों बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में टीमों ने दोनों को मुठभेड़ में ढेर कर दिया था।

## पेटवाड़ में मां की मौत, सदमे में बेटे ने जहर खाकर दी जान

- सुबह बीमारी के कारण 82 वर्षीय प्रेम देवी का निधन हुआ तो दिन में बेटे ने खाया जहर, शाम को तोड़ा दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

पेटवाड़ में बीमारी के कारण एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। इस सदमे के कारण उसके बेटे ने भी जहरीला पदार्थ निगलकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सीन ऑफ क्राइम की टीम ने भी मौके पर पहुंचकर मामले की गहनता से जांच की। पुलिस ने दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के अस्पताल भेज दिया। देर शाम बुजुर्ग महिला का अंतिम संस्कार किया गया। जबकि मृतक वीरेंद्र का अंतिम संस्कार शुक्रवार को किया जाएगा।



गांव पेटवाड़ निवासी 82 वर्षीय बुजुर्ग महिला प्रेम देवी पिछले काफी समय से बीमार चल रही थी और हिसार के एक अस्पताल में उसका इलाज भी चल रहा था। एक दिन पहले ही वह अस्पताल से छुट्टी करवाकर घर पर पहुंची थी। गुरुवार की सुबह उसकी मौत हो गई। घर पर महिला का 50 वर्षीय बेटा वीरेंद्र अकेला ही था। वह इस सदमे को बर्दाश्त नहीं कर पाया और उसने भी जहरीला पदार्थ निकाल लिया। इसकी सूचना डायल 112 पुलिस को दी पुलिस ने तुरंत ही मौके पर पहुंचकर वीरेंद्र को नारनौंद के नागरिक अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करवाया लेकिन उसकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टर ने उसको हिसार रेफर कर दिया। जहां पर वीरेंद्र ने दम तोड़ दिया।

पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर हांसी के सामान्य अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेजा। देर शाम उसका पोस्टमार्टम करके उसके शव को परिजनों के हवाले कर दिया। देर शाम गांव में ही महिला का अंतिम संस्कार किया गया। जबकि मृतक वीरेंद्र का देर रात तक पोस्टमार्टम नहीं हो पाया था। अब शुक्रवार को ही उसका अंतिम संस्कार होगा।

### अब घर पर लटका ताला

मां-बेटे की मौत के बाद घर पर ताला ही लटक गया। करीब 3 साल पहले मृतक महिला प्रेम देवी के पति ओमप्रकाश का भी बीमारी के कारण देहांत हो गया था। करीब 15 साल पहले उसके छोटे बेटे जसवीर उर्फ जस्सा की भी सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। दो लड़कियां वेदों और सुमित्रा हैं और दोनों की शादी हो चुकी है।

## खबर संक्षेप

### साइबर ठगी पीड़ित की राशि रिफंड करवाई

**हिसार।** साइबर थाना टीम ने एक मामले में कार्रवाई करते ठगी पीड़ित को 24,969 की राशि वापस दिलवाई है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि शिकायतकर्ता मोहनलाल ने 5 मई को 60,000 की साइबर ठगी होने के संबंध में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत प्राप्त होने के बाद साइबर थाना टीम ने मामले में तकनीकी एवं बैंकिंग कार्रवाई करते हुए संबंधित बैंक एवं एजेंसियों से समन्वय स्थापित किया। लगातार प्रयासों के परिणामस्वरूप शिकायतकर्ता के खाते में 14,969 एवं 10,000 की राशि रिफंड करवा दी गई।

### 10 गुमशुदा मोबाइल फोन असल मालिकों को सौंपे

**हिसार।** साइबर सेल की टीम ने तकनीकी जांच के माध्यम से लाखों रुपये मूल्य के 10 गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद कर उनके मालिकों के सुपुर्द किए। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जुलाई माह के चौथे सप्ताह के दौरान साइबर सेल को गुम हुए मोबाइल फोनों संबंधी अनेक शिकायतें प्राप्त हुई थीं। शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए साइबर सेल प्रभारी अमित कुमार एवं उनकी टीम ने आधुनिक तकनीकी संसाधनों का उपयोग करते हुए मोबाइल फोनों का पता लगाया। टीम के मुख्य सिपाही मुकेश कुमार, महिला ऑपरेटर मुकेश, सिपाही विनोद, सिपाही अमरदीप, सिपाही अतुल सहित अन्य कर्मचारियों ने अथक प्रयास कर सभी मोबाइल फोन बरामद किए और उनके वास्तविक मालिकों तक सुरक्षित पहुंचाया।

### नशा मुक्ति पुलिस टीम को भेंट की दवाइयां

**हिसार।** नशा मुक्त हिसार अभियान को समाज के विभिन्न वर्गों का लगातार सहयोग मिल रहा है। इसी कड़ी में आज जिला कैमिस्ट एसोसिएशन ने नशा मुक्ति पुलिस टीम को नशा पीड़ितों के उपचार के लिए आयुर्वेदिक दवाइयां भेंट कर सामाजिक सरोकार का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। इन दवाइयों का उपयोग नशा मुक्ति पुलिस टीम द्वारा जरूरतमंद नशा पीड़ितों के उपचार एवं पुनर्वास में किया जाएगा। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सिद्धान्त जैन ने जिला कैमिस्ट एसोसिएशन के प्रधान सतीश आहूजा, महासचिव दीपक कालड़ा, उपप्रधान दीपक मिड्ढा, रमेश कालड़ा, संजीव राखा, राजेश कुमार, अभिषेक गोस्वामी तथा संजय सुहाग व एसोसिएशन के सदस्यों का आभार जताया।

### छेड़छाड़ के मामले में नामजद आरोपी धरा

**बरवाला।** पुलिस ने छेड़छाड़ एवं पोक्सो अधिनियम के मामले में नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक कर्मजीत ने बताया कि 21 जुलाई को पीड़िता की मां की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया गया था। मामले की जांच के दौरान पीएसआई सीमा ने कार्रवाई करते हुए नामजद आरोपी अरुण निवासी बरवाला को गिरफ्तार कर लिया और मामले में आगामी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

## एचएयू से राजगुरु मार्केट तक नगर निगम की टीम ने जब्त की रेहड़ियां, कई को दी चेतावनी

### शहर को जाम और अतिक्रमण से मुक्त करने की कवायद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

शहर को रोजाना के ट्रैफिक जाम से मुक्ति दिलाने और सड़कों को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए नगर निगम गुरुवार को फुल एक्शन मोड में नजर आया। मेयर प्रवीण पोपली के सख्त निर्देश और अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा के मार्गदर्शन में उतरी निगम की टीम ने सुबह-सुबह शहर के 10 से ज्यादा प्रमुख इलाकों में एक साथ अभियान चलाया। कार्रवाई की भनक लगते ही मुख्य बाजारों में हड़कंप मच गया। दुकानदारों ने आनन-फानन में सड़कों पर रखा सामान दुकानों के अंदर समेटना शुरू कर दिया। सबसे ज्यादा सख्ती राजगुरु मार्केट में देखने को मिली, जहां पैदल चलने की जगह भी ब्लॉक कर खड़ी की गईं 4 रेहड़ियों को निगम की टीम ने जब्त कर लिया।

### अब बिना किसी पूर्व सूचना के होगी कार्रवाई



निगम की टीम ने अभियान की शुरुआत एचएयू गेट नंबर 2 से की। इसके बाद टीम मलिक चौक, पारिजात चौक, बस स्टैंड से सिरसा चुंगी, तलाकी गेट और ऋषि नगर स्थित विश्वकर्मा धर्मशाला तक पहुंची और सड़क किनारे से अवैध कब्जे हटाए। इसके साथ ही दिल्ली रोड पर एमसी डीसी कॉलोनी, अर्बन एस्टेट से जिंदल चौक, नई सब्जी मंडी, जिंदल पार्क और कैंची चौक के सामने भी सड़कों को पूरी तरह खाली कराया गया। इसके बाद राजगुरु मार्केट में 4 रेहड़ियों को निगम ने मौके पर ही जब्त किया गया। वहां से टीम ने नागोरी गेट से सिटी थाना रोड और गुलाब सिंह चौक से पड़ाव चौक तक सघन चेकिंग अभियान चलाया। नगर निगम प्रशासन ने दुकानदारों और आम नागरिकों को चेतावनी दी कि अब बिना किसी पूर्व सूचना के जब्ती और चालान की कार्रवाई की जाएगी।

### नप वाइस चेयरमैन ने खोली जनस्वास्थ्य विभाग की पोल

**हांसी।** नगर परिषद के वाइस चेयरमैन अनिल बंसल ने गुरुवार को ढोल बजाकर जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के खिलाफ अनोखे अंदाज में विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने आरोप लगाया कि नगर परिषद द्वारा लगभग एक करोड़ रुपये की लागत से बनाई गई सड़क को बिना पूर्व अनुमति तोड़ दिया गया और अब संबंधित विभाग एनओसी के नाम पर जिम्मेदारी से बचने का प्रयास कर रहा है। अनिल बंसल ने बताया कि दिल्ली गेट से राम मंदिर होते हुए जींद चौक तक बनी सड़क को पंचायती रामलीला ग्राउंड के सामने खोद दिया गया। उनका कहना है कि इस कार्य के लिए नगर परिषद से कोई अनुमति नहीं ली गई। उन्होंने आरोप लगाया कि सड़क तोड़ने के बाद अब जनस्वास्थ्य विभाग उस बीएंडआर विभाग से एनओसी मांग रहा है, जिसका इस सड़क से कोई संबंध नहीं है।

## ढोल बजाकर किया 1 करोड़ रुपये की लागत से बनी सड़क तोड़ने का विरोध

### बिना अनुमति कार्रवाई का आरोप, एनओसी को लेकर विभागों पर जिम्मेदारी टालने का आरोप



हांसी। जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग द्वारा तोड़ी गई सड़क के विरोध में ढोल बजाकर विरोध जताते नप वाइस चेयरमैन अनिल बंसल व अन्य।

### मामले की निष्पक्ष जांच की मांग

उन्होंने आरोप लगाया कि नगर परिषद, स्थानीय पार्षदों और व्यापारियों ने सड़क की तत्काल मरम्मत, मामले की निष्पक्ष जांच तथा लापरवाही के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की मांग की है। साथ ही सरकारी संपत्ति को हुए नुकसान के लिए जवाबदेही तय करने और दोषी अधिकारियों का यहां से तबादला करने की भी मांग उठाई गई है।

### सड़क तोड़ने के बाद बीएंडआर से मांगी एनओसी

जिला प्रशासन के स्पष्ट निर्देश हैं कि किसी भी सड़क को तोड़ने या पाइपलाइन बिछाने से पहले संबंधित विभाग से विधिवत अनुमति लेना अनिवार्य है, लेकिन इस मामले में नियमों की अनदेखी की गई। साथ ही, इस संबंध में की गई शिकायत को भी बिना उचित जांच के बंद कर दिया गया। पिछले करीब 15 दिनों से सड़क टूटी हुई है, जिससे राहगीरों, व्यापारियों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। काठ मंडी के मुख्य मार्ग पर गड्ढों और मलबे के कारण यातायात प्रभावित हो रहा है तथा दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी हुई है। संबंधित अधिकारी एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डाल रहे हैं, जबकि आम जनता को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है।

## तेजाब डालकर टैक्सी चालक की हत्या में दोषी करार

- चार साल पुराने मामले में अदालत आज सुनाएगी अंतिम फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

तेजाब डालकर व्यक्ति की हत्या करने के चार साल पुराने मामले में अदालत ने आरोपी संजय निवासी ऋषि नगर को दोषी करार दिया है। अदालत 24 जुलाई को दोषी की सजा पर अंतिम फैसला सुनाएगी। सरकारी अधिवक्ता सुनील पारुथी के अनुसार अदालत में पेश किए गए साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर आरोपी संजय को हत्या के आरोप में दोषी माना गया है। अदालत में चले अभियोग के अनुसार सिटी थाना पुलिस ने 12 जून 2022 को इस संबंध में हत्या का मामला दर्ज किया था।

पुलिस को दिए बयान में न्यू ऋषि नगर निवासी टैक्सी चालक अश्वनी ने बताया था कि उसकी पत्नी का करीब 12 साल पहले देहांत हो चुका था और उसकी दो बेटियां हैं। घटना से करीब एक सप्ताह पहले वह शाम करीब साढ़े पांच बजे अग्रसेन भवन के पास महावीर कॉलोनी निवासी सीटू और पालिका कर्मचारी राज के साथ बैठा हुआ था। इसी दौरान ऋषि नगर निवासी संजय अचानक वहां पहुंचा और अपने साथ लाई तेजाब की बोतल खोलकर अश्वनी के पजामे के अंदर तेजाब डाल दिया। वारदात को अंजाम देकर आरोपी मौके से फरार हो गया। तेजाब से गंभीर रूप से झुलसे अश्वनी को राहगीरों ने तुरंत इलाज के लिए नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया था। अश्वनी ने पुलिस को दिए बयान में कहा था कि संजय ने बिना किसी रंजिश या वजह के उस पर तेजाब फेंका है। अस्पताल में इलाज के दौरान अश्वनी की मौत हो गई, जिसके बाद पुलिस ने मामले में हत्या की धारा जोड़कर आरोपी संजय को गिरफ्तार कर लिया था।

## सिंचाई विभाग एसई, एक्सईएन व एसडीओ सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

- इस अवधि के दौरान मुख्यालय पंचकूला रहेगा

सरकार के सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग ने हिसार जिले में तैनात तीन अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इनमें भाखड़ा जल सेवाएं सर्किल नंबर-1, हिसार के अधीक्षण अभियंता विमल कुमार, आदमपुर डिवीजन के कार्यकारी अभियंता विनोद कुमार और आदमपुर सब-डिवीजन के उपमंडल अधिकारी अक्षय शामिल हैं।

जारी आदेश में तीनों अधिकारियों की सेवाएं तत्काल प्रभाव से निलंबित की गई हैं। निलंबन अवधि के दौरान उन्हें हरियाणा सिविल सर्विसेज (जनरल) रूल्स, 2016 के प्रावधानों के तहत निर्वाह भत्ता मिलेगा। आदेश में कहा गया है कि निलंबन अवधि के दौरान तीनों अधिकारियों का मुख्यालय सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के मुख्यालय, पंचकूला रहेगा। यह आदेश शुक्रवार को सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग अग्रवाल की ओर से जारी किया गया है।



## लाठीचार्ज के विरोध में दिया धरना आज वर्क सस्पेंड रखेंगे वकील

- हिसार के वकीलों का प्रतिनिधिमंडल जल्द जंतर मंतर पहुंचकर छात्रों को देगा समर्थन : बाजिया

**हिसार।** शिक्षा आंदोलन के समर्थन तथा नई दिल्ली के जंतर मंतर पर प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर बार-बार किए गए लाठीचार्ज के विरोध में जिला बार एसोसिएशन हिसार का सांकेतिक धरना गुरुवार को लगातार तीसरे दिन भी जारी रहा। धरने के दौरान अधिवक्ताओं ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग, नीट परीक्षा प्रकरण में आत्महत्या करने वाले विद्यार्थियों के परिजनों को 1-1 करोड़ रुपये मुआवजा देने, लाठीचार्ज के लिए जिम्मेदार अफसरों पर कार्रवाई व आंदोलन में शामिल निर्दोष छात्रों पर दर्ज मुकदमे वापस लेने की मांग दोहराई। इस अवसर पर उप प्रधान राहुल सिंह, सहसचिव साहिल मंडेरना ,कोषाध्यक्ष आशा बाल्यान, कलम सिंह, गंगा राम, डॉ. अर्जुन सिंह, फूल सिंह सांगवान, दलीप जाखड़, बंसीलाल गोदारा, ललित गोयत, संदीप बूरा, विक्रम मित्तल, बजरंग इंदल, सुरेंद्र ढुल, विनोद कसवां, भगीरथ लदोइया, अनिल जालंधरा, शक्ति फोगाट, करणवीर सिंह, विक्रम मित्तल, सोमदत्त शर्मा समेत अन्य अधिवक्ता मौजूद थे।

### जनरल हाउस बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय

जिला बार एसोसिएशन हिसार के प्रधान एडवोकेट प्रदीप बाजिया व सचिव एडवोकेट समीर सिहाग ने बताया कि गुरुवार दोपहर आयोजित जिला बार एसोसिएशन की जनरल हाउस बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि शुक्रवार को हिसार कोर्ट के सभी अधिवक्ता धरने के साथ-साथ वर्क सस्पेंड भी रखेंगे। उन्होंने कहा कि यह निर्णय छात्रों के लोकतांत्रिक आंदोलन के समर्थन और उनके साथ एकजुटता व्यक्त करने के उद्देश्य से लिया गया है। एडवोकेट प्रदीप बाजिया ने यह भी घोषणा की कि हिसार कोर्ट के अधिवक्ताओं का एक प्रतिनिधिमंडल शीघ्र ही नई दिल्ली स्थित जंतर मंतर पहुंचकर आंदोलनरत छात्रों से मुलाकात करेगा तथा उनके लोकतांत्रिक आंदोलन के समर्थन में अपनी एकजुटता व्यक्त करेगा।

कार्यक्रम

### आरोही मॉडल स्कूल में 450 विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

# कल्चरल फेस्ट में बही लोक संस्कृति की बयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

आरोही मॉडल स्कूल, भिवानी रोहिल्ला में गुरुवार को हिसार-2 ब्लॉक के खंड स्तरीय कल्चरल फेस्ट का भव्य आयोजन किया गया। इस सांस्कृतिक महोत्सव में खंड के विभिन्न स्कूलों के लगभग 450 विद्यार्थियों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कल्चरल फेस्ट का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी राम रतन ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी राकेश कुमार ने की।




### चार विधाओं व दो श्रेणियों में हुआ मुकाबला

फेस्ट के दौरान प्रतियोगिताएं दो वर्गों (कक्षा 5 से 8 तथा कक्षा 9 से 12) में आयोजित की गईं। विद्यार्थियों ने चार मुख्य सांस्कृतिक विधाओं रागिनी, स्किट (लघु नाटक), हरियाणवी सोलो डांस और हरियाणवी ग्रुप डांस में अपनी कला व लोक संस्कृति की सुंदर झलक पेश की। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल करने वाले प्रतिभागी अब जिला स्तरीय कल्चरल फेस्ट में ब्लॉक का प्रतिनिधित्व करेंगे।



### पर्यावरण संरक्षण और नशामुक्ति का दिया संदेश

मुख्य अतिथि डीईओ राम रतन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि अपनी लोक संस्कृति से जुड़े रहने के साथ-साथ सामाजिक जिम्मेदारियां निभाना भी जरूरी है। उन्होंने सभी छात्रों को एक-एक पौधा लगाने, विद्यालय प्रांगण को स्वच्छ रखने और नशे से दूर रहने का संकल्प दिलवाया। इस अवसर पर आरोही मॉडल स्कूल की प्राचार्या डॉ. शीतल, जीएसएसएस भिवानी रोहिल्ला की प्राचार्या कमलेश, सरपंच प्रतिनिधि बलजीत नंबरदार के भाई, डिस्ट्रिक्ट कल्चरल कोऑर्डिनेटर कुलदीप नैन, जिला कल्चरल प्रोग्राम इंचार्ज डॉ. प्रवीण कादियान, वंदना, राम स्वरूप, नीतू और कविता सहित गांव के कई गणमान्य व्यक्ति, बीआरपी-एबीआरसी, शिक्षक व छात्र उपस्थित रहे। निर्णायक मंडल में मीना मलिक, सुमित्रा और दामोदर शामिल रहे।



जानकारी / शिखर चंद जैन

# आकाश के सुपरहीरो भरते हैं लंबी-ऊंची उड़ान

दुनिया में कुछ ऐसे कमाल के पक्षी हैं, जो हजारों किलोमीटर तक लगातार उड़ सकते हैं। कोई पक्षी लंबे समय तक बिना कुछ खाए भी उड़ सकता है तो कोई हवा में सो भी सकता है, तो कोई बिना रुके समुद्र पार कर जाता है। आओ, आकाश के इन सुपरहीरो पक्षियों की हैरतअंगेज उड़ानों के बारे में जानें।

## अल्बाट्रॉस बादलों का ग्लाइडर

**बादलों का** ग्लाइडर कहलाने वाला अल्बाट्रॉस अपने विशाल पंखों की मदद से बिना पंख फड़फड़ाए हजारों किलोमीटर की यात्रा कर सकता है। कुछ अल्बाट्रॉस एक ही यात्रा में 15,000 किलोमीटर तक उड़ सकते हैं। इसके पंख लगभग 11 फीट तक के होते हैं, जो अन्य पक्षियों की तुलना में काफी बड़े होते हैं। *

## बार-टेल्ड गॉडविट वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर



**लंबी उड़ान** भरने के मामले में बार-टेल्ड गॉडविट प्रजाति के एक पक्षी बी6 ने अमेरिका के अलास्का से ऑस्ट्रेलिया के तस्मानिया तक 13,560 किलोमीटर की दूरी केवल 11 दिनों में बिना खाए-पिए, बिना रुके तय की थी, जो एक वर्ल्ड रिकॉर्ड है। उड़ान भरने से पहले यह पक्षी इतना ज्यादा खाता है कि 'फूला हुआ गुब्बारा' जैसा दिखता है। फिर यह पक्षी भोजन से प्राप्त चर्बी (फैट) को ईंधन की तरह इस्तेमाल करता है। अपनी उड़ान के समय यह लंबे समय तक भूखा-प्यासा रह सकता है। अपने आंतरिक अंगों को सिकोड़ लेता है ताकि हल्का महसूस कर सके। *

## रेड नॉट टेनिस बॉल जैसा नन्हा पक्षी



**रेड नॉट** आकार में एक छोटे-से टेनिस बॉल जैसा होता है। लेकिन यह बहुत साहसी पक्षी होता है। यह पक्षी प्रवास के दौरान लंबी दूरी की नॉन-स्टॉप उड़ान भरने में सक्षम है। इसकी साइज को देखकर बच्चो तुम इमेजिन भी नहीं कर सकते कि यह हर साल आर्कटिक से दक्षिण अमेरिका तक 15,000 किलोमीटर का सफर तय करता है। खास बात यह है कि प्रवास के दौरान इसका वजन दोगुना हो जाता है, फिर यात्रा खत्म होते-होते यह दोबारा बिल्कुल दुबला हो जाता है। *

## आर्कटिक टर्न उत्तरी ध्रुव से दक्षिणी ध्रुव का वार्षिक सफर



**अपनी प्रवास** यात्रा के दौरान यह अद्भुत पक्षी लगभग 70,000 से 90,000 किलोमीटर तक की दूरी तय कर लेता है। यह दूरी दुनिया में किसी भी अन्य प्रजाति के पक्षी द्वारा प्रवास के दौरान तय की जाने वाली दूरी से काफी अधिक है। बीच-बीच में यह पक्षी आराम करने और भोजन करने के लिए रुकता भी है। बच्चो, अगर दुनिया घूमने का कोई इनाम होता, तो वह इस पक्षी को ही मिलता। हर साल यह पक्षी उत्तरी ध्रुव से दक्षिणी ध्रुव तक जाता है। अपने जीवनकाल में यह इतना ज्यादा उड़ता है कि पृथ्वी से चांद के तीन चक्कर लगाने के बराबर है। *

## कॉमन स्विफ्ट उड़ते हुए सो लेता है



**यह पक्षी** अपने जीवन का अधिकांश समय हवा में ही बिताता है। यह बिना जमीन को छुए लगातार 10 महीने तक उड़ सकता है। यह पक्षी जमीन पर बहुत कम आता है। यह अपना खाना, पीना और यहां तक कि सोना भी उड़ते हुए ही करता है। कमाल की बात यह है कि कॉमन स्विफ्ट अपना आधा दिमाग सुलाकर उड़ते-उड़ते झपकी ले लेता है। *

## ग्रेट फ्रिगेटबर्ड कई हफ्तों उड़ता है समुद्र के ऊपर



**'समुद्री डाकू'** के नाम से मशहूर यह पक्षी कई हफ्तों तक समुद्र के ऊपर उड़ता रहता है, लेकिन मजेदार बात यह है कि यह तैर नहीं सकता, क्योंकि इसके पंख पानी में भीगने पर भारी हो जाते हैं। यह बादलों के बहुत ऊपर करीब 4,000 मीटर तक उड़ सकता है। यह दूसरे पक्षियों को डराकर उनका खाना छीन लेता है। यह पक्षी हफ्तों तक समुद्र के ऊपर उड़ सकता है और हवा में सो भी सकता है। *

## ग्रेट स्नाइप रॉकेट बर्ड



**जहां दूसरे** पक्षी धीरे-धीरे उड़ते हैं, वहीं ग्रेट स्नाइप नामक यह पक्षी अपनी रफ्तार के लिए मशहूर है। यह 97 किमी. प्रति घंटा की तेज रफ्तार से उड़ सकता है। इसीलिए इसे 'रॉकेट बर्ड' के नाम से भी जाना जाता है। यह पक्षी अपनी पूरी यात्रा बिना रुके और बिना रास्ता भटके पूरी करता है। *

# और खाओ रसगुल्ले!



एआई इमेज

छोटी कहानी



शिव मोहन यादव

मोहन अकसर ही किसी हलवाई की दुकान पर जाता, वहां मिठाई खरीदने के बहाने दूसरी किसी मिठाई को चुपके से चट कर जाता।

एक दिन मोहन अपने एक मित्र माधव से बोला, 'मुझे हलवाई की दुकान से आधा किलो लड्डू लेने हैं। देखना मैं किस तरह कितने मजे से किसी दूसरी मिठाई पर हाथ मारूंगा।'

माधव ने रोका, 'नहीं यार, यह बात ठीक नहीं है। यह तो चोरी है।'

मोहन बोला, 'देख यार, खाने वाली चीजों की चोरी को चोरी नहीं कहा जाता।'

माधव ने साफ-साफ कहा, 'देखो मोहन, कल तुमने लड्डू उठाकर जेब में डाल लिया था। एक दिन का हो गया। रोज-रोज ऐसा करना शोभा नहीं देता। अगर तुमको किसी मिठाई पर हाथ साफ करना है तो मैं तुम्हारे साथ नहीं जाऊंगा, दूर खड़ा रहूंगा।'

'ठीक है, तुम दूर खड़े रहना।' कहकर मोहन धनश्याम हलवाई की दुकान के भीतर चला गया। 'काका, जरा आधा किलो लड्डू तौल दीजिए।' मोहन ने कहा तो धनश्याम हलवाई चेहरे पर मुस्कान लिए लड्डू तौलने के लिए डिब्बा उठाने लगा। दुकान तरह-तरह की मिठाइयों से सजी थी। ताजी जलेबी, रसगुल्ले-गुलाबजामुन की महक से आस-पास के वातावरण में खुशबू बिखरी हुई थी। सफेद कलाकंद, काजू कतली, रसमलाई जैसी मिठाइयां भी सभी को अपनी ओर आकर्षित कर रही थीं। कुछ मिठाइयों पर मधुमक्खियां भी भिनभिना रही थीं। जैसे ही हलवाई काका ने डिब्बे में लड्डू रखकर तौलने के लिए अपनी नजरें दूसरी ओर घुमाईं, इतने में मोहन ने सामने बर्तन में रखे रसगुल्लों में से एक रसगुल्ला अपने मुंह के हवाले कर लिया।

लेकिन यह क्या! जैसे ही रसगुल्ला मुंह में गया, उसके साथ एक मधुमक्खी भी मुंह में चली गई। उसने मोहन की जीभ पर काट लिया। वह बिलबिला गया। अब मोहन न तो रसगुल्ले को निगल पा रहा था, न ही उगल पा रहा था। बर्दाश्त करने की भी एक हद होती है, इतनी देर में मधुमक्खी ने जीभ में दूसरी जगह भी काट लिया। अचानक चिल्लाते हुए मोहन ने रसगुल्ले को उगल दिया।

माधव दूर खड़ा यह सब देख रहा था। उसके मुंह से अचानक हंसी छूट गई। इधर हलवाई काका जब तक कुछ समझते, तब तक सामने पड़ा रसगुल्ला उन्हें दिखाई दे गया। सामने मोहन का चेहरा देखकर उन्हें सब कुछ समझते देर न लगी। वह भी मुस्कुरा दिए। दूसरे लोगों ने पूछा, 'बेटा क्या हो गया?'

मोहन ने रुआंसा होकर बताया, 'मधुमक्खी ने काट लिया।'

इतने में माधव आ गया, हंसते हुए बोला, 'और खाओ रसगुल्ले!'

आस-पास के लोगों ने सारी बात समझी तो मोहन के भोलेपन पर हंस पड़े। तभी हलवाई काका मोहन को आधा किलो लड्डू देते हुए बोले, 'बेटा, रसगुल्ला ही खाना था तो मुझसे बोल देते। मैं तुम्हें सावधानी से रसगुल्ला निकालकर दे देता। ऐसे चोरी से...।'

'काका, गलती हो गई, आगे से ऐसा कभी नहीं करूंगा, सॉरी।' मोहन झेंपते हुए बोला। उधर पास खड़ा माधव हंसते हुए बोला, 'मना किया था, लेकिन तुम माने नहीं, नतीजा सामने है!' *

तुम्हारे लिए नई किताब / अखिलेश श्रीवास्तव चमन

# प्यारी कविताओं का संग्रह

बच्चो, बाल साहित्य की लोकप्रिय विधाओं में से एक है बाल कविता। तुमको कविताएं पढ़ने में खूब मजा आता है न! बाल कविता अगर लय, तुक, ताल, छंद से सजी हो तो फिर बात सोने पे सुहागा वाली हो जाती है। 'चंदा थाली में' हाल में छपकर आई बाल कविताओं की एक ऐसी ही किताब है। इसके रचनाकार हैं प्रसिद्ध गीतकार, गजलकार नरेंद्र भूषण। इस किताब में कुल अट्ठाइस कविताएं संग्रहित हैं। सभी कविताओं के विषय बच्चों के परिवेश और रुचियों के अनुसार लिए गए हैं, जैसे- चंदा मामा, बादल, टॉफी, चींटी रानी, घड़ी, मोबाइल, पेड़, नदी, सूरज, इंद्रधनुष, नील गगन आदि।



संग्रह की सभी कविताएं गेय (गाने योग्य) और आसानी से याद किए जाने योग्य हैं। जैसे- 'चंदा नभ में आया देखो, तारों को संग लाया देखो।' या 'नदी बह रही कल-कल, कल-कल, हम सब तक पहुंचाती है जल।' या फिर 'मेरे छत पर आती चिड़िया, चूं-चूं गीत सुनाती चिड़िया।' ये पंक्तियां तुम्हें पढ़ते-पढ़ते ही याद हो जाएंगी। कविताओं की भाषा सहज, सरल और प्रवाहमय है। यह पूरी पुस्तक बहुरंगी है। हर कविता के साथ उसके विषय वस्तु के अनुरूप आकर्षक रंगीन चित्र बने हैं, जो पुस्तक की सुंदरता में चार चांद लगा देते हैं। *

**किताब :** चंदा थाली में (बाल कविता संग्रह), **लेखक :** नरेंद्र भूषण, **मूल्य :** 250 रुपए, **प्रकाशक :** अभिराम प्रकाशन, लखनऊ

## हंसगुल्ले



**चिंटू:** जो कार को ड्राइव करता है, उसे क्या कहते हैं?
**मिंटू:** कार ड्राइवर।
**चिंटू:** जो कार रिपेयर करता है, उसे क्या कहते हैं?
**मिंटू:** कार मैकेनिक।
**चिंटू:** और जो कार को पेंट करता है, उसे?
**मिंटू (कुछ देर सोचने के बाद):** कारपेंटर!

-रजनी, दिल्ली

**सोनू:** बताओ, समांतर रेखाएं एक-दूसरे को क्यों नहीं काटती हैं?
**मोनू:** क्योंकि उनके दांत नहीं होते।

-कुशल, रोहतक

## जीके क्विज-215



1. फीफा (फुटबॉल) वर्ल्ड कप-2026 का फाइनल मुकाबला किस देश ने जीता?
2. हाल में ही विंबलडन 2026 पुरुष एकल का खिताब किसने जीता?
3. हाल में ही लॉन्च किए गए भारत के पहले प्राइवेट ऑर्बिटल रॉकेट का नाम क्या है?
4. असम की राजधानी कहां है?
5. देश के वर्तमान उपराष्ट्रपति का क्या नाम है?
6. चाणक्य को अन्य किस नाम से जाना जाता था?
7. 31 जुलाई को किस प्रसिद्ध हिंदी लेखक की जयंती मनाते हैं?
8. भारत में सोयाबीन का उत्पादन सबसे अधिक किस राज्य में होता है?
9. 'स्वराज हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है' का नारा किस स्वतंत्रता सेनानी ने दिया था?
10. कारगिल विजय दिवस कब मनाते हैं?

बच्चो, जीके क्विज-215 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-214 का उत्तर :** 1. अश्वथ एस , 2. 23.5 डिग्री, 3.ऑस्ट्रेलिया, 4.नितिन गडकरी, 5.H2O, 6.लुंबिनी (नेपाल), 7.फीमर, 8.गंगा डॉल्फिन, 9.आईएनएस महेंद्रगिरि, 10.मुंडकोपनिषद

**जीके क्विज-214 का सही उत्तर देने वाले :** मन्नत-कैथल, जिया शिया-रायगढ़, नीटू-बैकुंठपुर, मान्या-दिल्ली, ज्योति-रायगढ़, ऊर्जस्वी-सारंगढ़-बिलाईगढ़, कबीर-हिसार, तुषार-रायपुर, तेजस्वी-दुर्ग, कशिश-रोहतक, सचिन-बिलासपुर

कहानी



अलका जैन 'आराधना'

राजू अपनी रंग- बिरंगी छतरी सब्जी वाले के यहां भूल आया था। लेकिन रास्ते में जब उसे एक लड़की के पास वैसी ही रंग- बिरंगी छतरी दिखी तो उसने उससे छीन ली। राजू घर पहुंचा तो पता चला बच्ची से छीनी छतरी उसकी नहीं, बच्ची की ही थी। तो फिर राजू की छतरी कहां गई, क्या उसे अपनी प्यारी रंग-बिरंगी छतरी मिल पाई?

# रंग-बिरंगी छतरी



एआई इमेज

राजू को बारिश में भीगने का बड़ा शौक था। लेकिन मम्मी उसे बारिश में भीगने ही नहीं देती थीं। उस दिन राजू ने मम्मी से कहा, 'प्लीज मम्मी, आज तो भीगने दो। देखो ना कितनी प्यारी बारिश हो रही है।'

'नहीं बेटा, तुम्हारी तबीयत खराब हो जाएगी। फिर स्कूल नहीं जा पाओगे और ढेर सारा होमवर्क इकट्ठा हो जाएगा। फिर टीचर की डांट भी सुननी पड़ेगी।' मम्मी ने राजू की बात नहीं मानी।

'पर मम्मी, मैं सारा होमवर्क कर लूंगा और तबीयत क्यों खराब होगी। मैं तो सुपरबॉय हूं।' राजू ने मम्मी को मनाने की कोशिश की, फिर भी मम्मी ने हां नहीं की।

एक दिन मम्मी ने कहा, 'राजू बेटा, बाजार से एक किलो आलू ले आओ।'

राजू ने पैसे जेब में रखे और बाहर निकलने लगा, तभी मम्मी ने रोका, बोलीं, 'ये लो थैला और साथ में छतरी भी लेते जाओ, क्या पता कब बारिश आ जाए? लेकिन ध्यान रखना, कहीं छतरी सब्जी वाले के पास भूल मत आना।'

राजू एक हाथ में थैला और एक हाथ में अपनी प्यारी रंग-बिरंगी छतरी लेकर आलू लेने चल पड़ा। रास्ते में उसे एक छोटी बच्ची दिखी। वो इधर-उधर कुछ ढूंढ रही थी। राजू ने उसे देखा और आगे बढ़ गया। उसने जल्दी से आलू लिए और वापस घर की ओर चल दिया। कुछ दूर आया ही था कि उसे याद आया कि अपनी छतरी तो सब्जी वाले के पास ही छोड़ आया है। राजू भागा-भागा वापस सब्जी वाले के पास गया, लेकिन वहां छतरी नहीं थी।

राजू को समझ में नहीं आ रहा था कि अब क्या करे? उसे मम्मी की डांट का डर सता रहा था। वह धीरे-धीरे घर की तरफ बढ़ने लगा। तभी उसकी नजर उसी बच्ची पर पड़ी, जिसके हाथ में ठीक वैसी ही रंग-बिरंगी छतरी थी, जैसी उसकी थी। राजू भागकर उसके पास गया, बोला, 'अरे! यह तो मेरी छतरी है। मुझे वापस दो।'

बच्ची चौंकी, 'यह छतरी तुम्हारी कैसे है, यह तो मेरी है।'

'पर जब मैंने तुम्हें पहले देखा था तब तुम्हारे हाथ में कोई छतरी नहीं थी। और अब जो छतरी तुम्हारे पास है, वह मेरी है।' राजू ने कहा। बच्ची दृढ़ता से बोली, 'मैं सच कह रही हूं। यह मेरी छतरी है।'

राजू ने बिना कुछ सुने उसके हाथ से छतरी छीन ली और घर की ओर भाग गया। घर पहुंच कर उसने मम्मी को सब्जी वाले के पास छतरी छूटने की बात बताई, यह भी बताया, 'मम्मी, एक बच्ची मेरी छतरी लेकर भाग रही थी। मैंने उससे अपनी छतरी छीन ली।' मम्मी ने डांटा, 'मैंने कहा था न कि छतरी संभाल कर रखना।'

राजू चुपचाप अपने कमरे में चला गया। अपनी फेवरेट छतरी को एक कोने में रखकर वह अपना स्कूल होमवर्क करने लगा। तभी बाहर दरवाजे की घंटी बजी। राजू ने देखा, मम्मी किसी आंटी से हंस-हंस कर बात कर रही थीं। उसे आंटी की आवाज सुनाई दी, 'अजीब बात है। मेरी बच्ची बाहर अपना खोया कंगन ढूंढ रही थी। उसी वक्त कोई लड़का आया और उसकी छतरी छीन कर भाग गया।'

मम्मी ने पूछा, 'क्या वो रंग-बिरंगी छतरी थी?' 'हां बिल्कुल वो रंग-बिरंगी छतरी थी, उसकी सबसे पसंदीदा थी।' उन आंटी ने बताया।

मम्मी तेजी से राजू के कमरे में गईं। उन्होंने राजू की रखी छतरी उठानी चाही। राजू ने मम्मी को रोका, 'मम्मी, यह मेरी ही छतरी है।'

मम्मी ने छतरी लेकर आंटी को दिखाई, 'क्या यह वही छतरी है?'

'हां- हां यही है पर यह आपके पास कैसे आई?' आंटी ने आश्चर्य से पूछा।

मम्मी ने सारी बात बताई और बोलीं, 'शायद मेरे बेटे को कोई गलतफहमी हो गई थी। उसने सोचा यह उसकी छतरी है।'

आंटी मुस्कुराते हुए बोलीं, 'कोई बात नहीं। बच्चों से ऐसी गलतियां हो ही जाती हैं।'

उसी वक्त फिर घंटी बजी। दरवाजा खोला तो राजू का दोस्त बबलू खड़ा था। उसके हाथ में भी एक रंग-बिरंगी छतरी थी। बबलू बोला, 'आंटी, यह राजू की छतरी है। मैंने उसे सब्जी वाले के पास छतरी छोड़कर आते देखा था। आवाज दी पर उसने सुना नहीं। मैंने सब्जी वाले से छतरी ले ली। अब देने आया हूं।'

मम्मी हंस पड़ीं, 'तो इसका मतलब राजू को सच में गलत फहमी हो गई थी। चलो दोनों छतरियां मिल गईं।'

राजू शर्मिंदा-सा बाहर आया। आंटी से बोला, 'सॉरी आंटी। मैंने बिना सोचे-समझे आपकी बेटी से छतरी ले ली।'

आंटी उसके सिर पर हाथ फेरते हुए बोलीं, 'कोई बात नहीं बेटा। गलती मान लेना ही सबसे बड़ी बात है।'

राजू तुरंत अपने कमरे में जाकर एक चॉकलेट लेकर आया और बोला, 'आंटी, यह मेरी तरफ से आपकी बेटी के लिए। सॉरी बोल दीजिएगा।'

आंटी बोलीं, 'शाम को वो पार्क में खेलने आएगी। तुम वहीं मिलकर उसे अपने हाथों से चॉकलेट देकर सॉरी बोलकर दोस्ती कर लेना।'

राजू मन ही मन खुश हुआ। उसकी प्यारी छतरी मिल गई थी। साथ ही एक नई दोस्ती का रास्ता भी बन गया था। *

कविता

राजा चौरसिया



एआई इमेज

# वर्षा आई रे

रिमझिम-रिमझिम, झड़ी, झमाझम
वर्षा आई रे!
सबकी खुशी इकाई से
हो गई दहाई रे!
गर्मी भागी पूंछ दबाए
सूरज लुकाछिपी करते हैं।
सब दिन नहीं एक से रहते
बात ध्यान में सब धरते हैं।
कारे-कजरारे बादल
दे रहे दिखाई रे।
सबकी खुशी इकाई से
हो गई दहाई रे!
सभी ओर नदियों, नालों में
भरा हुआ पानी ही पानी।
अपनी सौंधी गंध बिखेरे
धरती आज हो गई धानी।
मोर नाचकर जंगल को
दे रहे बधाई रे!
सबकी खुशी इकाई से
हो गई दहाई रे!

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां दिए गए दोनों चित्रों में एक मेंढक, कीट-पतंगों का शिकार कर रहा है। एक जैसे दिख रहे इन दोनों चित्रों में पांच अंतर हैं। तुम जल्दी से इन दोनों चित्रों में पांच अंतर ढूंढ कर बताओ।



**उत्तर:** 1.मेंढक ने जो डाल पकड़ी है, उस पर लगा फल छोटा है। 2. मेंढक के निचले बाएं पैर (पश्चपाद) की बीच वाली अंगुली छोटी है। 3. मेंढक के अगले बाएं पैर (अग्रपाद) की अंगुलियां मुड़ी हुई हैं। 4.दाईं तरफ मेंढक की जीभ के नीचे उड़ रहा पतंगा गायब है। 5.मेंढक की दाईं आंख की पुतली ऊपर की तरफ है।

## रास्ता बताओ

बच्चो, यहां दिए गए चित्र में एक मधुमक्खी को फूलों तक पहुंचना है। लेकिन फूलों तक पहुंचने का रास्ता जरा टेढ़ा-मेढ़ा है। मधुमक्खी को फूलों तक पहुंचने का सही रास्ता बताओ तो जरा।



### दानवीर सेठ श्योप्रसाद की 121वीं जयंती श्रद्धा एवं गरिमापूर्ण वातावरण में मनाई

# शिक्षित नागरिक ही राष्ट्र निर्माण की सबसे बड़ी शक्ति : डीसी

प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि, विद्यालय परिसर में किया पौधरोपण

- विद्यार्थियों से जीवन का स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करने का किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी


हांसी। मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का शुभारंभ करते डीसी राहुल नरवाल व अग्रोहा विकास ट्रस्ट के प्रधान विनय जैन।

पीसीएसडी विद्यालय के संस्थापक एवं निर्माता श्योप्रसाद की 121वीं जयंती गुरुवार को विद्यालय प्रांगण में सादगी, श्रद्धा एवं गरिमापूर्ण वातावरण में मनाई गई। समारोह में उपायुक्त राहुल नरवाल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए दानवीर सेठ श्योप्रसाद के शिक्षा के क्षेत्र में दिए गए अतुलनीय योगदान को नमन किया तथा विद्यार्थियों को जीवन में शिक्षा का महत्व समझाते हुए लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर परिश्रम करने का संदेश दिया। समारोह का शुभारंभ उपायुक्त राहुल नरवाल ने दानवीर सेठ श्योप्रसाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देने के साथ किया। इसके उपरांत उन्होंने विद्यालय परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। उपस्थित विद्यार्थियों, अभिभावकों, विद्यालय प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों, सदस्यों एवं गणमान्य नागरिकों को संबोधित करते हुए उपायुक्त राहुल नरवाल ने कहा कि किसी भी देश, प्रदेश और समाज के विकास का सबसे मजबूत आधार शिक्षा होती है। शिक्षा केवल ज्ञान प्राप्त करने का माध्यम ही नहीं, बल्कि एक बेहतर समाज और सशक्त राष्ट्र के निर्माण की नींव है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपने जीवन का स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करें तथा उसे प्राप्त करने के लिए पूरी निष्ठा, अनुशासन और कठिन परिश्रम के साथ आगे बढ़ें। यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत ईमानदारी से की जाए तो सफलता अवश्य मिलती है।

#### दूरदर्शी सोच वाले समाजसेवी थे सेठ श्योप्रसाद

उपायुक्त ने कहा कि दानवीर सेठ श्योप्रसाद दूरदर्शी सोच वाले महान समाजसेवी थे। उन्होंने लगभग सात दशक पहले उस समय शिक्षा के महत्व को समझते हुए पीसीएसडी विद्यालय की केवल स्थापना ही नहीं की, बल्कि विद्यालय भवन का निर्माण भी करवाया। उनके प्रयासों से स्थापित इस शिक्षण संस्थान ने समाज को अनेक ऐसे विद्यार्थी दिए हैं जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर हांसी, हरियाणा और देश का नाम गौरवान्वित किया है। ऐसे महान व्यक्तित्व सदैव समाज के लिए प्रेरणा स्रोत बने रहेंगे।

#### सांस्कृतिक कार्यक्रम से विद्यार्थियों ने मन मोहा

जयंती समारोह के अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित जनसमूह का दिल जीत लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्री गणेश की वंदना से हुआ, जिसके बाद विद्यार्थियों ने देशभक्ति एवं भारतीय संस्कृति पर आधारित रंगारंग प्रस्तुतियां देकर सभी का भरपूर उत्साहवर्धन प्राप्त किया। इस अवसर पर अग्रोहा विकास ट्रस्ट हांसी के प्रधान विनय जैन, सतपाल खांडेवाला, पूर्व मंत्री सुभाष गोयल, हांसी प्राइवेट स्कूल संघ के प्रधान रविंद्र अत्री, विद्यालय प्राचार्य उर्मिला शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# अंधेरे से प्रकाश की ओर ले जाते हैं गुरुदेव : संत सुखदेवानंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

- जयदियाल धर्मशाला में धूमधाम से की गई गुरु पूजा


हिसार। जयदियाल धर्मशाला में आयोजित गुरु पूजा कार्यक्रम में प्रवचन देते हुए संत सुखदेवानंद महाराज व उपस्थित श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

श्रीयोग अनुभव सेवा समिति के तत्वाधान में शास्त्री नगर स्थित जयदियाल धर्मशाला में गुरुवार की सायं गुरु पूजा महोत्सव का आयोजन किया गया। सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने गद्दीनशीन संत सुखदेवानंद महाराज को तिलक करते हुए पूजा-अर्चना की। इस मौके पर साध्वी सत्यायोगानंद, निजआत्मयोगानंद, सर्वयोगानंद, निष्कामयोगानंद, भक्तियोगानंद आदि ने भी श्रद्धालुओं को आर्शीवचन दिए। प्रवचन देते हुए संत सुखदेवानंद ने कहा कि गुरु अपने शिष्य को सदैव अंधेरे से प्रकाश की ओर ले जाते हैं। गुरु धारण करने वाले मानव की भक्ति कभी बेकार नहीं जाती। गुरु अपने शिष्य का सदैव पथ प्रदर्शक करता है। सच्चे मन से भक्ति करने वाले का हमेशा कल्याण होता है। कान वही पवित्र है जो सत्संग सुनते हैं। नेत्र वहीं सार्थक हैं जो भगवान का दर्शन करते हैं। इस दौरान गाये गये भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। सत्संग के समापन पर सभी श्रद्धालुओं ने गुरुदेव की आरती की। संस्था सचिव घनश्याम दास पपनेजा ने आये हुए सभी संतों का स्वागत किया। मंच संचालन सतीश भाटिया ने किया। कार्यक्रम के समापन पर प्रसाद वितरित किया गया।

### आजाद नगर में लगाया रक्तदान शिविर, 204 यूनिट रक्त एकत्र



हिसार। स्वर्गीय सुभाष बेनीवाल उर्फ भासी बेनीवाल की पुण्यतिथि पर गांव सलेमगढ़ निवासी दरिया सिंह बेनीवाल के परिवार की ओर से आजाद नगर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 204 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। संदीप बेनीवाल ने बताया गया कि उनके चाचा सुभाष उर्फ भासी बेनीवाल का 23 जुलाई 2021 को निधन हो गया था। उनकी स्मृति में परिवार हर वर्ष रक्तदान शिविर आयोजित करता है। शिविर में 204 यूनिट रक्तदान हुआ। शिविर में डॉ. रिचा नैन के नेतृत्व में अग्रोहा मेडिकल कॉलेज ब्लड बैंक की टीम ने, सुशील गर्ग के नेतृत्व में हिसार ब्लड बैंक की टीम ने तथा रेडक्रॉस की टीम ने कुलदीप बामल के नेतृत्व में रक्त संग्रहित किया। इस अवसर पर गौरव संपत सिंह, बन्नी बेनीवाल, शीशपाल बेनीवाल, संदीप बेनीवाल, राजपाल नैन, आजाद नगर सुधार संघर्ष समिति के प्रधान सुरेंद्र, सुंदर पाल, दाहिमा के सरपंच संदीप, होशियार सिंह, पार्षद सत्यवान पन्नू, कर्मबीर ढिल्लो आदि मौजूद रहे।

### कुलदीप बिश्नोई हरियाणा और राजस्थान का करेंगे दौरा

हिसार। पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई आगामी दिनों में हरियाणा एवं राजस्थान के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों के बीच रहेंगे। भाजपा के युवा नेता एवं पूर्व विधायक भव्य बिश्नोई ने बताया कि 29 जुलाई को कुलदीप बिश्नोई श्री गुरू जंभेश्वर मंदिर समलिया धाम, जिला भिलवाड़ा, राजस्थान में राष्ट्रीय पर्यावरण चेतना संगम में मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। हरियाणा के सिरसा एवं पानीपत के ऐतिहासिक स्नेह मिलन समारोह की कड़ी कमो आगे बढ़ाते हुए 31 जुलाई को कुरुक्षेत्र में स्नेह मिलन समारोह में जिले के कार्यकत्राओं व अपने शुभचिंतकों से मिलेंगे। इसी तरह 1 अगस्त को बीकानेर में सामाजिक कार्यक्रमों, 2 अगस्त को सुबह 11 बजे राजस्थान के पीलीबंगा में बिश्नोई मंदिर व धर्मशाला में आयोजित स्वागत समारोह में भाग लेंगे। 11 अगस्त को सायं 5 बजे हिसार सेक्टर 15 स्थित आवास पर आमजन से भेंट एवं जन समस्याएं सुनेंगे।

## पेपर लीक मामलों में फास्ट ट्रैक कोर्ट की स्थापना का निर्णय ऐतिहासिक: धर्मवीर रतेरिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी



भाजपा जिला हांसी के जिला महामंत्री एवं अधिवक्ता धर्मवीर रतेरिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार युवाओं के सपनों, मेहनत और प्रतिभा की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि पेपर लीक जैसे गंभीर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने और दोषियों को शीघ्र न्यायिक दंड दिलाने के उद्देश्य से फास्ट ट्रैक कोर्ट की स्थापना का निर्णय युवाओं के हितों की रक्षा की दिशा में एक ऐतिहासिक और दूरदर्शी कदम है। धर्मवीर रतेरिया ने कहा कि फास्ट ट्रैक कोर्ट के गठन से पेपर लीक से जुड़े मामलों का त्वरित निपटारा सुनिश्चित होगा और दोषियों को शीघ्र एवं कठोर सजा मिलेगी। इससे पेपर लीक माफिया पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित होगा तथा युवाओं का परीक्षा प्रणाली और न्याय व्यवस्था पर विश्वास और अधिक मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की स्पष्ट नीति है कि प्रत्येक मेहनती और प्रतिभाशाली विद्यार्थी को निष्पक्ष, पारदर्शी तथा भ्रष्टाचार-मुक्त परीक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए। सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि युवाओं की मेहनत, प्रतिभा और योग्यता के साथ किसी भी प्रकार का अन्याय न हो।

### आज निकाली जाएगी सद्भावना यात्रा

बरवाला। किसान विश्राम गृह बरवाला में विभिन्न सामाजिक संगठनों की संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। जिसमें दिल्ली के जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे छात्र-युवाओं पर हुए बर्बरतापूर्ण लाठीचार्ज की कड़ी निंदा करते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग का समर्थन किया गया। बार-बार हो रहे पेपर लीक और शिक्षा व्यवस्था में बढ़ती अव्यवस्था के विरोध में 24 जुलाई को बरवाला में सद्भावना यात्रा निकाली जाएगी। वक्ताओं ने कहा कि जब शिक्षा सड़क पर हो और सत्ता ख़ामोश, तब सवाल सिर्फ़ एक आंदोलन का नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र के भविष्य का होता है। उन्होंने कहा कि छात्रों को अपने अधिकारों और निष्पक्ष शिक्षा व्यवस्था की मांग के लिए सड़कों पर उतरना पड़ना पूरे समाज के लिए चिंता का विषय है। सद्भावना यात्रा के बाद एसडीएम कार्यालय, बरवाला में ज्ञापन सौंपा जाएगा तथा कोर्ट रोड पर छात्रों के समर्थन में अनिश्चितकालीन धरना प्रारंभ किया जाएगा।

### न्यूज डायरी

### नीट में 3922वीं रैंक हासिल कर रीतू सहारण ने बढ़ाया गांव खेदड़ का मान



बरवाला। गांव खेदड़ में सतीश सहारण की बेटी रीतू सहारण के नीट परीक्षा में 3922वीं रैंक हासिल करने के अवसर पर प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया गया। इस समारोह का संचालन अनिल आर्य खेदड़ ने किया। रीतू सहारण की इस शानदार उपलब्धि पर ग्रामीणों ने उनके घर पहुंचकर उन्हें और उनके परिवार को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। रीतू सहारण ने बताया कि वह एक सामान्य किसान परिवार से संबंध रखती हैं और अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता के सहयोग, प्रेरणा और आशीर्वाद को देती हैं। उन्होंने सीकर से कोचिंग प्राप्त की और पिछले एक वर्ष से घर पर रहकर प्रतिदिन लगभग 10 घंटे नियमित रूप से पढ़ाई की। इस अवसर पर पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला भी अपने अनेक कार्यकर्ताओं के साथ सतीश सहारण के घर पहुंचे और रीतू सहारण को नीट परीक्षा में शानदार सफलता हासिल करने पर बधाई एवं आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर अनिल बालकिया, राजेंद्र लितानी, नरेश पुनिया, रोहतास, बसाऊ राम खेदड़, मनोज शास्त्री, करण सिंह, अनिल आर्य, संगीता आर्या, हरपाल बिसला, जयपाल, सतीश, अनिल बेरवाल, शमशेर सिंह, उमेद, संदीप व कुलदीप सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।



### खेल प्रतियोगिता में आरडीएम सरस्वती पब्लिक स्कूल का शानदार प्रदर्शन

उकलाना। गांव प्रभुवाला में आयोजित खंड स्तरीय स्कूली खेल प्रतियोगिता में आर.डी.एम. सरस्वती पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। विभिन्न खेल स्पर्धाओं में विद्यालय के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन कर कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां अपने नाम कीं। प्रतियोगिता के अंडर-17 वॉलीबॉल वर्ग में विद्यालय की टीम ने बेहतरीन तालमेल और दमदार खेल का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं अंडर-14 वॉलीबॉल वर्ग में भी खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान हासिल किया। इसके अलावा अंडर-17 शॉटपुट प्रतियोगिता में कक्षा 11वीं के छात्र अभिनूर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया और विद्यालय का गौरव बढ़ाया।

### गांव खासा महाजनान में पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाया जागरूकता अभियान

हिसार। नशा मुक्ति पुलिस टीम द्वारा गुरुवार को अग्रोहा क्षेत्र के गांव खासा महाजनान एवं ढाणी खासा में जागरूकता अभियान चलाया गया। नशा मुक्ति टीम ने गांव के सरपंच, ग्रामीणों, नशा पीड़ितों एवं उनके परिजनों से मुलाकात कर उन्हें नशा छोड़ने के लिए प्रेरित किया। टीम ने ग्रामीणों को नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक दुष्प्रभावों की जानकारी दी। अभियान के दौरान जिले में दो नए नशा पीड़ितों की पहचान की गई। इनमें से एक नशा पीड़ित को नागरिक अस्पताल से दवाइयां उपलब्ध करवाई गईं। इसके अलावा छह नशा पीड़ितों को पहली बार उनके घर जाकर दवाइयां उपलब्ध करवाई गईं तथा छह अन्य नशा पीड़ितों को दूसरी बार नागरिक अस्पताल के नशा मुक्ति केंद्र से उपचार एवं दवाइयां दिलवाई गईं।

### चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस ने चलाया विशेष अभियान



हांसी। जिले में चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा चोरी के सामान की अवैध खरीद-फरोख्त पर रोक लगाने के उद्देश्य से हांसी पुलिस ने विशेष अभियान शुरू किया है। अभियान के तहत जिलेभर में संचालित कबाड़ी दुकानों का निरीक्षण और सत्यापन किया जा रहा है। पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने बताया कि जिला हांसी में संचालित 61 कबाड़ी दुकानों की सूची तैयार की गई है। पुलिस की टीमें समय-समय पर इन दुकानों का निरीक्षण कर यह सुनिश्चित कर रही हैं कि कहीं चोरी का सामान खरीदा, बेचा या छिपाकर तो नहीं रखा गया है। निरीक्षण के दौरान कबाड़ी संचालकों को निर्देश दिए गए कि बिना पहचान सत्यापन के किसी भी व्यक्ति से सामान की खरीद न करें। यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति या संदिग्ध सामान बेचने का प्रयास करता है तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। पुलिस ने स्पष्ट किया कि चोरी का सामान खरीदना, बेचना या छिपाना कानूनन अपराध है और ऐसा पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अभियान के दौरान पुलिस टीमों ने कबाड़ी संचालकों से क्षेत्र में सक्रिय संदिग्ध व्यक्तियों के संबंध में भी जानकारी जुटाई तथा अपराध नियंत्रण में पुलिस का सहयोग करने का आह्वान किया।

### सेक्टर-33, सेक्टर-14 और सेक्टर-14 पार्ट-2 में नेटवर्क की समस्या



हिसार। सेक्टर-33, सेक्टर-14 और सेक्टर-14 पार्ट-2 की रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों ने मोबाइल नेटवर्क की बदहाल व्यवस्था को लेकर निजी कंपनियों के उच्च अधिकारियों को संयुक्त ज्ञापन सौंपते हुए चेतावनी दी है कि यदि 10 दिनों के भीतर नेटवर्क व्यवस्था में संतोषजनक सुधार नहीं हुआ तो संबंधित कंपनी के कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। सेक्टर 33 आरडब्ल्यूए के पूर्व प्रधान राजपाल नैन ने बताया कि कंपनी अधिकारियों ने नेटवर्क सुधार के लिए 20 दिनों का समय मांगा है। आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों ने बताया कि खराब नेटवर्क के कारण विद्यार्थियों, विदेशों में अध्ययनरत बच्चों से संपर्क रखने वाले परिवारों, व्यापारियों, कर्मचारियों और नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई बार सामान्य फोन कॉल तक सुचारु रूप से नहीं हो पाती। मेयर प्रवीण पोपली ने भी प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि वह स्वयं इस समस्या से प्रभावित हैं और उपायुक्त से मिलकर इसके शीघ्र समाधान का प्रयास करेंगे।

### महारानी लक्ष्मीबाई त्रिलोकचंद स्कूल के विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा



हिसार। खंड स्तरीय विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता में महारानी लक्ष्मीबाई त्रिलोकचंद स्कूल भिवानी रोहिल्ला की अंडर-17 बालिका वर्ग की खिलाड़ियों ने प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का गौरव बढ़ाया। प्रतियोगिता में विद्यालय की प्रतिभाशाली छात्रा चार्वी ने 100 मीटर दौड़ तथा लॉन्ग जंप में प्रथम स्थान प्राप्त कर दो उपलब्धियाँ अपने नाम कीं। वहीं सरिता ने 3000 मीटर दौड़ में प्रथम तथा 200 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान हासिल किया। इसके अतिरिक्त चार्वी ने 200 मीटर दौड़ में तृतीय तथा मनीषा ने 800 मीटर दौड़ में तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय की उपलब्धियों में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इन शानदार उपलब्धियों के उपलक्ष्य में गुरुवार विद्यालय परिसर में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विजेता छात्राओं के साथ-साथ उनके अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया। समारोह में महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज के प्राचार्य डॉ. शमीम शर्मा ने कहा कि खेल केवल पदक जीतने का माध्यम नहीं बल्कि अनुशासननऔर नेतृत्व क्षमता विकसित करने का आधार हैं।

### अंत्योदय मेले के लिए 3000 पात्र लाभार्थी किए गए चिह्नित

हिसार। मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना 2.0 के तहत 26 जुलाई को आदमपुर में लगने वाले मेले के लिए 3000 पात्र लाभार्थियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं और सेवाओं के लाभ के लिए चिन्हित किया गया है। यह अंतोदय मेला खंड विकास एवं पंचायत विभाग परिसर में आयोजित किया जाएगा। अतिरिक्त उपायुक्त शालिनी चेतल ने बताया कि मेले के लिए 3000 लाभार्थियों की पहचान की गई है तथा उन्हें उनकी पात्रता के अनुसार आवेदन प्रपत्र वितरित किए जा रहे हैं। मेले में विभिन्न सरकारी विभाग अपने-अपने स्टॉल लगाकर पात्र नागरिकों को योजनाओं की जानकारी देंगे, मौके पर आवेदन स्वीकार करेंगे तथा पात्रता के अनुसार लाभ भी प्रदान करेंगे। उन्होंने बताया कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की ओर से मेले में एग्रीस्टेक आईडी बनाई जाएगी, जबकि मानव संसाधन सूचना विभाग (क्रीड) परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) से संबंधित त्रुटियों के समाधान के लिए विशेष स्टॉल लगाएगा। मेले में सभी जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया गया है, ताकि उनके माध्यम से अधिक से अधिक चिन्हित किए गए पात्र परिवारों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा सके।

### युवा आंदोलन पर सरकार मौन : सहगल

हिसार। अखिल भारतीय राज्य कर्मचारी परिसंघ के राष्ट्रीय चेयरमैन एमएल सहगल और रिटायर्ड कर्मचारी संगठन के प्रदेशाध्यक्ष पहल सिंह तंवर ने कहा कि नीट पेपर लीक प्रकरण को लेकर देशभर के युवा आंदोलन कर रहे हैं, लेकिन सरकार इस मुद्दे पर मौन है। उन्होंने जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे युवाओं पर हुए कथित लाठीचार्ज और आंसू गैस के इस्तेमाल की निंदा करते हुए कहा कि अखिल भारतीय राज्य कर्मचारी परिसंघ और रिटायर्ड कर्मचारी संगठन इस आंदोलन का पूर्ण समर्थन करते हैं।

### 5 वार्डों में चला विशेष सफाई अभियान



हांसी। शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के उद्देश्य से नगर परिषद का विशेष स्वच्छता अभियान लगातार जारी है। नगर आयुक्त एवं अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन के मार्गदर्शन में वीरवार को वार्ड नंबर 2, 6, 11, 18 और 25 में व्यापक स्तर पर विशेष सफाई अभियान चलाया गया। नगर आयुक्त एवं अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन ने कहा कि स्वच्छ शहर का निर्माण केवल नगर परिषद के प्रयासों से संभव नहीं है, बल्कि इसके लिए नागरिकों की सक्रिय भागीदारी भी जरूरी है। उन्होंने लोगों से कचरा निर्धारित स्थानों पर डालने, गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग रखने तथा सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी न फैलाने की अपील की।

### माजरा में विद्यार्थियों को किया जागरूक

नारनौंद। नशा मुक्त भारत अभियान के तहत गांव माजरा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्टूडेंट पुलिस कैडेट के विद्यार्थियों की कक्षा लगाई गई, जिसमें छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्प्रभाव, कानून के प्रति जागरूकता तथा सामाजिक जिम्मेदारियों के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया। सामुदायिक पुलिसिंग इंचार्ज दीपक कुमार ने कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज के लिए घातक है। उन्होंने विद्यार्थियों से नशे से दूर रहने, साथियों को भी जागरूक करने तथा समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में भूमिका निभाएं।

### आजाद की 120वीं जयंती मनाई



हांसी। शहीद भगत सिंह संगठन समिति की ओर से गुरुवार को शहीद भगत सिंह पार्क एवं शहीद मदन लाल ढींगड़ा पार्क में महान क्रांतिकारी अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद की 120वीं जयंती पौधरोपण कर श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने चन्द्रशेखर आजाद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ओमप्रकाश मुंजाल एवं विशिष्ट सहयोगी सुभाष महता रहे। इस अवसर पर मुख्यातिथि ओमप्रकाश मुंजाल ने बताया कि चन्द्रशेखर आजाद का जन्म मध्य प्रदेश के भाबरा गांव में हुआ था। उन्होंने भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु जैसे क्रांतिकारियों के साथ मिलकर देश को अंग्रेजी हुकूमत से आजाद कराने का संकल्प लिया।


बरवाला। नागरिकों के साथ चर्चा करते थाना बरवाला प्रभारी निरीक्षक करमजीत सिंह।

### पुलिस-जन सहयोग को मजबूत बनाने पर दिया बल

बरवाला। थाना बरवाला में प्रभारी थाना बरवाला निरीक्षक करमजीत सिंह की अध्यक्षता में पुलिस पब्लिक कोऑर्डिनेशन कमेटी की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में बरवाला शहर के गणमान्य नागरिकों, व्यापारियों, सामाजिक प्रतिनिधियों एवं अन्य सम्मानित व्यक्तियों ने भाग लिया। इस बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक हिसार द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों एवं जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों की विस्तारपूर्वक जानकारी उपस्थित सदस्यों को दी गई। आमजन से कानून-व्यवस्था बनाए रखने, अपराध एवं नशे के खिलाफ पुलिस का सहयोग करने, साइबर अपराधों से सतर्क रहने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की गई। प्रभारी थाना निरीक्षक करमजीत सिंह ने कहा कि पुलिस और जनता के बीच बेहतर समन्वय एवं विश्वास ही सुरक्षित समाज की आधारशिला है। उन्होंने उपस्थित लोगों से अपने आसपास होने वाली किसी भी आपराधिक, असामाजिक अथवा संदिग्ध गतिविधि की सूचना बिना किसी हिचकिचाहट के पुलिस को देने का आग्रह किया तथा विश्वास दिलाया कि सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी। बैठक में महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा, यातायात नियमों के पालन, नशा मुक्त समाज के निर्माण, सोशल मीडिया के जिम्मेदार उपयोग तथा साइबर ठगी से बचाव जैसे विषयों पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

कवायद — स्वच्छता नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ अभियान

# खुले में कचरा व मलबा डालने पर किया चालान

नगर निगम की टीमें लगातार कर रहीं विभिन्न क्षेत्रों का दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार


हिसार। कचरा फैलाने पर चालान करती निगम की टीम। फोटो : हरिभूमि

शहर को स्वच्छ, सुंदर और सुव्यवस्थित बनाए रखने के लिए नगर निगम ने स्वच्छता नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर निगम की टीमें लगातार अलग-अलग क्षेत्रों में निरीक्षण कर रही हैं।

खुले में कचरा डालने, निर्माण मलबा सड़क किनारे फेंकने, कचरे का वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण नहीं करने तथा गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग नहीं रखने वालों पर जुर्माना लगाया जा रहा है। निरीक्षण अभियान के दौरान एएसआई राहुल सैनी और एएसआई राहुल पंवार ने सेक्टर-14 पार्ट-2 और एसटीपी ऋषि नगर के सामने सड़क किनारे मलबा डालते पाए गए दो ट्रैक्टर संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की। दोनों पर 1500-1500 रुपये के चालान किए । इसी अभियान में सीटीएल प्रदीप जाखड़ और तकनीकी विशेषज्ञ जसबीर कुंडू, आईईसी एक्सपर्ट हरिराम गुर्जर ने मधुबन पार्क के सामने कुम्हार धर्मशाला रोड पर निरीक्षण किया। यहां दो दुकानदार सिंगल यूज प्लॉस्टिक व पॉलीथिन का प्रयोग करते हुए मिले जिस पर टीम ने उनके 500-500 रुपये के चालान किए। एएसआई सन्नी ने दिल्ली रोड अर्बन एस्टेट मार्केट में खुले में कचरा डालने पर तीन दुकानदारों के 500-500 रुपये के चालान किए गए। वहीं, एक रेहड़ी संचालक के द्वारा कचरा सेग्रीगेशन न करने पर उसका 200 रुपये का चालान किया गया। स्वच्छता नियमों का खुलेआम उल्लंघन करने वालों के खिलाफ यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

**खबर संक्षेप**

### बंधक बनाकर मारपीट करने का एक और आरोपी काबू

**हिसार।** सदर थाना पुलिस ने बंधक बनाकर मारपीट, जातिसूचक टिप्पणियां करने, जबरन रुपये वसूलने, जान से मारने की धमकी देने तथा घटना की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में सहायक पुलिस अधीक्षक मयंक मुदगिल ने बताया कि 12 जुलाई को नियाणा गांव निवासी रवि कुमार निवासी गांव न्याणा की शिकायत पर थाना सदर में मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने पहले मुख्य आरोपी धर्मेन्द्र को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने मनीष कुमार निवासी सैनिक कॉलोनी, सातरोड़ कैंट को भी गिरफ्तार कर लिया है।

### मारपीट के आरोपी को जेल भेजा

**हिसार।** थाना अग्रोहा प्रभारी निरीक्षक ईश्वर सिंह की टीम ने मारपीट एवं जानलेवा हमला करने के मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी नसीब को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी को अदालत में पेश किया गया। जहां से आरोपी को न्यायिक हिरासत में दिया गया।

### शहीद चन्द्रशेखर आजाद की जयंती मनाई

**हिसार।** माई युवा भारत के तत्वावधान में युवा स्पोर्ट्स क्लब व सुभाष चंद्रा फाउंडेशन फुटबॉल टीम गांव खासा महाजन द्वारा महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद की जयंती मनाई। कोषाध्यक्ष कृष्ण फगेडिया ने कहा कि चन्द्रशेखर आजाद ने प्रण लिया था कि वह कभी अंग्रेजों के हाथ नहीं आएंगे और उन्होंने अपने प्रण को निभाया भी था। भारत को आजाद करने में उनकी अहम भूमिका रही। युवा क्लब सदस्यों ने घी के दीये जलाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

### मॉर्निंग वाक कमेटी ने मेयर पोपली का किया स्वागत

**हिसार।** मॉर्निंग वाक कमेटी के सदस्यों ने आज ने मेयर प्रवीण पोपली का स्वागत किया। इस मौके पर मेयर ने कहा कि नगर निगम शहर के विकास के लिए अग्रसर है, कोई भी समस्या उनके संज्ञान में आती है वह उसे पूरा करने तैयार रहते हैं। इस अवसर पर राजेश असीजा राजू, अश्वनी सचर प्रधान, सुनील कटारिया, संजय चुघ, श्रवण पाहवा, सुभाष कटारिया, सुरेंद्र अनेजा, नरेंद्र अनेजा,चन्द्र पाहवा, सुभाष कथूरिया, दयानंद भयाना, सुनील कटारिया, भीम सेन, गुलशन हंस, दर्शन रहेजा, अनिल नारंग, प्रवीण वर्मा आदि मौजूद रहे।

### नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दिया स्वच्छता का संदेश

**हिसार।** नाट्य टीम ने शहीद उधम सिंह एवं शहीद मदन लाल ढींगरा मार्केट एसोसिएशन में स्वच्छता जागरूकता विषय पर एक नुक्कड़ नाटक का मंचन किया। कार्यक्रम के दौरान कलाकारों ने रोचक एवं संदेशात्मक प्रस्तुति के माध्यम से स्वच्छ वातावरण, कचरा प्रबंधन, सार्वजनिक स्थलों की सफाई तथा नागरिक सहभागिता का महत्व बताया। नाटक का संदेश उपस्थित लोगों को इतना प्रभावित कर गया कि सभी ने अपने घर, प्रतिष्ठान और शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर एसोसिएशन के प्रधान प्रवीण हिंदू, प्रदीप गोयल, संजय ठकराल, मुकेश सेहरा, दर्शन खुराना, करण दलाल, डॉ. सुमित गुर्जर, कृष्ण गुर्जर, रमाशंकर, जयवीर, प्रदीप आदि मौजूद रहे।

डीसी ने पुलिस को दिए कार्रवाई के निर्देश, नागरिकों की शिकायतों को बिना ठोस वजह लंबित न रखें विभागाध्यक्ष : डीसी

# समाधान शिविर में आई सबसे ज्यादा कब्जे की शिकायतें

## अग्रोहा में सरकारी जमीन पर कब्जा कर बना दिया मकान और दुकान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

उपायुक्त महेंद्र पाल ने सभी विभागाध्यक्षों को हिदायत देते हुए कहा है कि वे विभिन्न माध्यमों से प्राप्त नागरिकों की शिकायतों को बिना किसी ठोस वजह के लंबित न रखें। गुरुवार को लघु सचिवालय स्थित जिला सभागार में आमजन की समस्याएं सुनते हुए उन्होंने यह निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को हिदायत देते हुए कहा कि बेवजह नागरिकों को कार्यालयों के चक्कर न काटने पड़े। समाधान शिविर में गांव अग्रोहा के नागरिकों द्वारा गांव के कुछ व्यक्तियों द्वारा सरकारी सडक़ मार्ग पर अवैध कब्जा कर दुकान, मकान एवं सर्विस स्टेशन का निर्माण करने की शिकायत पर उपायुक्त ने पुलिस विभाग के अधिकारियों को इन मामलों की जांच कर आगामी कार्रवाई करने को कहा। गांव श्यामसुख निवासी कृष्ण कुमार द्वारा पचांयती भूमि की खाली पड़ी जमीन पर धर्मशाला बनाने व सरकारी रास्ते पर कब्जा संबंधी शिकायत पर डीसी ने डीडीपीओ को नागरिकों के समक्ष आ रही समस्या के निदान के लिए आगामी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। चौधरी कॉलोनी निवासी जयसिंह ने अपनी शिकायत में बताया कि एक व्यक्ति द्वारा उसकी जमीन पर कब्जा करने के साथ-साथ उसके बच्चों को डराने के मामले पर तथा गांव खारिया की वरिष्ठ महिला द्वारा पड़ोसियों द्वारा अभद्रता, मारपीट एवं जान से मारने की धमकी की शिकायत पर उपायुक्त ने पुलिस विभाग को दोनों मामलों पर विभागीय कार्रवाई करते हुए जल्द से जल्द कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त शालिनी चेतल, एसडीएम ज्योति मित्तल, नगराधीश रोहित कुमार, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेंद्र कुमार, नगर निगम अतिरिक्त आयुक्त प्रदीप कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



**हिसार।** समाधान शिविर में जनसमस्याएं सुनते उपायुक्त महेंद्र पाल।

### स्वतंत्रता समारोह से जुड़ी प्रत्येक व्यवस्था उच्च स्तर की होनी चाहिए : डीसी



**हिसार।** जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते उपायुक्त महेंद्र पाल। फोटो : हरिभूमि

**हिसार।** 15 अगस्त को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर उपायुक्त महेंद्र पाल ने गुरुवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ अपनी जिम्मेदारियों का समय पर निर्वहन करें, ताकि समारोह का आयोजन भव्य, गरिमामयी एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके। उपायुक्त महेंद्र पाल ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस देश के वीर शहीदों के त्याग, बलिदान और राष्ट्रभक्ति को नमन करने का पर्व है। इसलिए समारोह से जुड़ी प्रत्येक व्यवस्था उच्च स्तर की होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समारोह स्थल की साफ-सफाई, मंच व्यवस्था, पेयजल, बिजली, पार्किंग, सुरक्षा, चिकित्सा सुविधा, यातायात प्रबंधन तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं निर्धारित समय सीमा में पूरी कर ली जाएं। किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

### गुजवि में विभिन्न पाठ्यक्रमों की उपलब्ध सीटों पर प्रवेश के लिए नए आवेदन आमंत्रित

- 30 जुलाई ऑनलाइन आवेदन, उसी दिन होगी फिजिकल

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए विभिन्न स्नातक, स्नातकोत्तर एवं इंटीग्रेटेड पाठ्यक्रमों की उपलब्ध सीटों पर प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने आदेश जारी किए हैं कि विभिन्न पाठ्यक्रमों की उपलब्ध सीटों पर प्रवेश के लिए नए सिरे से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाएं। इच्छुक अभ्यर्थी 30 जुलाई 2026 को सुबह 10 बजे तक विश्वविद्यालय पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके उपरांत 30 जुलाई को ही प्रातः 11 बजे संबंधित विभागों में फिजिकल काउंसलिंग आयोजित की जाएगी।

#### इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित

प्रवेश के लिए बीएससी. (एविएशन), बी.वोक. (फूड प्रोसेसिंग टेक्नोलॉजी), एम.ए. (अंग्रेजी एवं संस्कृत), एम.एससी. (इकोनॉमिक्स, साइकोलॉजी, बॉटनी, जियोग्राफी, जूलॉजी, मैथेमेटिक्स, फिजिक्स, एनवायरनमेंटल साइंस, फूड टेक्नोलॉजी एवं बायोटेक्नोलॉजी), एमबीए, एम.कॉम.,मास्टर ऑफ लाइब्रेरी एंड इंफॉर्मेशन साइंस, मास्टर ऑफ लाइब्रेरी एंड इंफॉर्मेशन साइंस (द्वितीय वर्ष लेटरल एंट्री) तथा विभिन्न इंटीग्रेटेड बी.एससी.-एम.एससी. कार्यक्रमों में उपलब्ध रिक्त सीटों पर आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। विश्वविद्यालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि पूर्व में इंटीग्रेटेड बीएससी. (लाइफ साइंसेज)-एमएससी. कार्यक्रमों के लिए आवेदन कर चुके तथा 12वीं स्तर पर गणित एवं जीव विज्ञान दोनों विषयों का अध्ययन करने वाले पात्र अभ्यर्थी अपनी पात्रता के अनुसार इंटीग्रेटेड बीएससी. (फिजिकल साइंसेज)-एमएससी. कार्यक्रमों की काउंसलिंग में भी भाग ले सकेंगे। इसके अतिरिक्त पहले से आवेदन कर चुके तथा प्रवेश परीक्षा अथवा मेरिट सूची में शामिल पात्र अभ्यर्थियों को नए आवेदकों पर नियमानुसार वरीयता प्रदान की जाएगी।

## हकृवि में तीसरे चरण की प्रवेश परीक्षा को लेकर तैयारियां पूरी, परीक्षा कल

- बीटेक बायोटेक्नोलॉजी, बीएससी (ऑनर्स) फिजीकल सांइसिज व बीएससी (ऑनर्स) लाइफ सांइसिज की होगी प्रवेश परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में बीटेक बायोटेक्नोलॉजी, बीएससी (ऑनर्स) फिजीकल सांइसिज (चार वर्षीय) व बीएससी (ऑनर्स) लाइफ सांइसिज (चार वर्षीय) की 25 जुलाई को होने वाली प्रवेश परीक्षा के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उपरोक्त पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 1581 उम्मीदवारों ने आवेदन किए हैं। इस परीक्षा के लिए विश्वविद्यालय में तीन परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि उन्होंने बताया कि परीक्षा संबंधी सभी तैयारियों को अंतिम रूप देते हुए परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षार्थियों के लिए बैठने से संबंधित अन्य समुचित व्यवस्था भी कर ली गई हैं। कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने बताया कि उम्मीदवारों को अपना एडमिट कार्ड डाऊनलोड करके स्वयं सत्यापित फोटो लगानी होगी। बिना एडमिट कार्ड के, उम्मीदवार परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं कर सकेंगे।



**हिसार।** विश्वविद्यालय का प्रशासनिक खंड-फ्लैचर भवन। फोटो : हरिभूमि

**विशेष निरीक्षण दलों का गठन**

परीक्षा नियंत्रक डॉ. सुरेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि सफलतापूर्वक परीक्षा के लिए परीक्षा केन्द्रों पर पुख्ता प्रबंध किए हैं। इसके लिए विशेष निरीक्षण दलों का गठन किया गया है। प्रत्येक उम्मीदवार की फोटोग्राफी भी की जाएगी। उन्होंने बताया कि उम्मीदवारों को परीक्षा केन्द्र में मोबाइल फोन, कैलकुलेटर व इलैक्ट्रोनिक डायरी इत्यादि उपकरण लेकर जाने की अनुमति नहीं होगी।

### बाइक और मोबाइल छीनने के मामले में दूसरे आरोपी गिरफ्तार

**नारनौंद।** गांव खांडा खेड़ी से धर्मखेड़ी सड़क मार्ग पर तीन बदमाशों द्वारा एक युवक से मारपीट कर मोटरसाइकिल और मोबाइल फोन छीनने के मामले में पुलिस ने दूसरे आरोपित युवक बुआना निवासी रूपर्ट उर्फ रौनक को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को अदालत में पेश किया, जहां उसे जेल भेज दिया है। बता दें कि पुलिस ने इस मामले के मुख्य आरोपित जींद जिले के गांव इगराह निवासी कुलवंत को पहले ही गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। मामले का एक आरोपित अब भी पुलिस की गिरफ्त से फरार है। धर्मखेड़ी निवासी दीपक ने बताया कि वह शनिवार 18 जुलाई की रात को वो अपने घर से गांव खांडा खेड़ी में गया था। जब वापस आ रहा था तो गांव खांडा खेड़ी की अनाज मंडी के पास पीछे से आ रहे तीन युवकों ने मारपीट करके मोबाइल फोन ओर मोटरसाइकिल भी छीनकर भाग गए थे। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की सहायता से आरोपितों की पहचान की। पुलिस ने बुधवार को दबिश देकर जींद जिले के गांव बुआना निवासी रूपर्ट उर्फ रौनक को गिरफ्तार किया।



- पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बालक में सम्मान समारोह

## मेधावी छात्राओं को किया सम्मानित



**हिसार।** छात्राओं को मार्कशीट, चरित्र प्रमाण-पत्र एवं एनएसएस प्रमाण-पत्र वितरित करते हुए प्रधानाचार्य एवं शिक्षकगण।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बालक की 12वीं उत्तीर्ण छात्राओं को विद्यालय परिसर में उनकी मूल मार्कशीट, चरित्र प्रमाण-पत्र एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर विद्यालय प्रशासन ने छात्राओं को उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन एवं एनएसएस गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता के लिए सम्मानित करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। विद्यालय के प्रधानाचार्य रमेश यादव ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से विद्यार्थियों में सेवा भावना, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता तथा सामाजिक उत्तरदायित्व का विकास होता है। उन्होंने कहा कि एनएसएस के माध्यम से अर्जित अनुभव विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा उन्हें समाज और राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का बोध कराते हैं। प्रधानाचार्य ने छात्राओं को उच्च शिक्षा एवं अपने भावी जीवन में निरंतर सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि विद्यालय को उनकी उपलब्धियों पर गर्व है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि छात्राएँ भविष्य में भी अपने उत्कृष्ट कार्यों से विद्यालय, परिवार और समाज का नाम रोशन करेंगी।

## नपा ने जल बचाने को छेड़ी जनजागरण मुहिम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

- जल संरक्षण के लिए लोगों को किया जा रहा जागरूक

जल ही जीवन है और जल के बिना हमारा जीवन अधूरा है। इसी संदेश को घर-घर तक पहुंचाने और गिरते भूजल स्तर को सुधारने के लिए नगर पालिका नारनौंद ने एक विशेष जल संरक्षण अभियान की शुरुआत की है। पालिका की टीम लगातार लोगों के बीच जाकर पानी की एक-एक बूंद बचाने की अपील कर रही है, ताकि आने वाले समय में भीषण जल संकट से बचा जा सके। नगर पालिका चेयरमैन शमशेर कूकन, नपा सचिव प्रदीप कुमार और पालिका अभियंता राजकुमार सहित कई अधिकारी व कर्मचारी खुद सड़कों और मोहल्लों में उतरकर नागरिकों को जागरूक करने में जुटे हैं। नपा चेयरमैन शमशेर कूकन ने बताया कि कैच रेन अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान का उद्देश्य है की बारिश के जल को संरक्षित करके भूजल स्तर को बढ़ाया जा सकता है ताकि जल के संकट को कम किया जा सके और आने वाली पीढ़ियों को जल के लिए तरसना ना पड़े हमें आज ही जागरुक होकर हर व्यक्ति को इसके लिए प्रेरित करना है की बारिश के दिनों में जल को वर्थ ना जाने दे। इस मुहिम में सभी स्कूल, सामाजिक संगठनों, व्यापारी सहित समाजसेवी लोगों को जोड़ने का काम किया जा रहा है। स्कूलों में छात्रों द्वारा जागरूकता रैली निकाली जाएगी।



**नारनौंद।** नगर पालिका के अधिकारी जागरूकता अभियान चलाकर जागरुक करते हुए।

### अवैध शराब के मामलों दो युवक गिरफ्तार

**नारनौंद।** सीआईए नारनौंद तथा पुलिस चौकी भाटला की टीमों ने अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए दो युवकों को गिरफ्तार कर 22.500 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की है। मुख्य सिपाही विजय कुमार ने बताया कि गश्त एवं अपराध रोकथाम के दौरान सीआईए नारनौंद को सूचना मिली कि रणधीर उर्फ नथु निवासी गांव धर्मखेड़ी अपने प्लॉट में अवैध कच्ची शराब रखकर बेचने का कार्य कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने दबिश देकर आरोपित युवक को काबू किया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 12.750 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई। उधर, पुलिस चौकी भाटला के मुख्य सिपाही जयवीर सिंह ने बताया कि पुलिस चौकी भाटला की टीम गश्त एवं अपराध रोकथाम के दौरान गांव भाटला बस अड्डा मोड़ पर मौजूद थी। इसी दौरान सूचना मिली कि सागर निवासी गांव भाटला मोटरसाइकिल पर अवैध कच्ची शराब लेकर जा रहा है। पुलिस टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए एक युवक को काबू किया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 13 बोतल अवैध कच्ची शराब बरामद हुई। आरोपित के मोटरसाइकिल को कब्जे में लिया गया।



**हिसार।** व्यावसायिक मार्गदर्शन शिविर के दौरान उपस्थित विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### विद्यार्थियों को दिए करियर बनाने टिप्स

**हिसार।** मंडल रोजगार कार्यालय की ओर से गुरुवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव डाबड़ा में व्यावसायिक मार्गदर्शन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कक्षा 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों को विभिन्न करियर विकल्पों, रोजगार के अवसरों तथा भविष्य की संभावनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। शिविर में सहायक रोजगार अधिकारी कुमारी रितु जांगड़ा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने के लिए अपनी रुचि, योग्यता और क्षमता के अनुरूप करियर का चयन करना आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास पाठ्यक्रमों तथा विभिन्न सरकारी एवं निजी क्षेत्रों में उपलब्ध रोजगार के अवसरों की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य स्पष्ट करने, समय का सदुपयोग करने और निरंतर मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, रोजगार संबंधी योजनाओं तथा करियर से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर भी विस्तार से मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि सही समय पर सही निर्णय लेने से विद्यार्थी अपने उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव रख सकते हैं। शिविर के दौरान विद्यार्थियों ने करियर से जुड़े विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञों द्वारा विस्तार से समाधान किया गया। विद्यार्थियों ने कार्यक्रम को उपयोगी बताते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के मार्गदर्शन शिविर आयोजित करने की आवश्यकता जताई।

### ऑटो मार्केट क्षेत्र से बाइक चोरी के आरोपी को जेल भेजा

**हिसार।** पड़ाव चौकी पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल बरामद करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। चाकी प्रभारी ने बताया कि 28 जून को स्वागत कॉलोनी वेदप्रकाश की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने बताया था कि वह पुरानी ऑटो मार्केट क्षेत्र में बरसाती नाले की सफाई का कार्य करवा रहा था। इस दौरान उसने अपनी मोटरसाइकिल वहां खड़ी की थी। कुछ समय बाद लौटने पर मोटरसाइकिल मौके से चोरी मिली। मोटरसाइकिल के साथ उसके आवश्यक दस्तावेज भी उसमें रखे हुए थे। मामले की जांच के दौरान पड़ाव चौकी प्रभारी सहायक उप निरीक्षक सुरजमल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरोपी अमित को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरीशुदा मोटरसाइकिल बरामद कर ली।

### विवेकानंद शाखा ने जयंती पर शहीद चन्द्रशेखर को किया याद

**हिसार।** भारत विकास परिषद, विवेकानंद शाखा द्वारा अमर क्रांतिकारी एवं महान स्वतंत्रता सेनानी शहीद चंद्रशेखर आजाद की जयंती के अवसर पर क्रांतिमान पार्क स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शाखा अध्यक्ष राजेश जैन ने कहा कि शहीद चंद्रशेखर आजाद का जीवन हमें विपरीत परिस्थितियों में भी सत्य, साहस और देशहित के मार्ग पर अडिग रहने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में प्रकल्प प्रमुख अशोक शर्मा, ऋषिराज बुड़ाकिया, अमर गोयल, अजय सिंगला, अशोक गर्ग तिलकधारी, सुमित मित्तल व देवराज भाटिया आदि मौजूद रहे।

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

## राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बालक ने लहराया परचम

- फुटबॉल टीम तीनों वर्गों रही प्रथम
- खंड स्तरीय विद्यालय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

जिला शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित लड़कों के वर्ग की बरवाला खंड स्तरीय विद्यालय फुटबॉल प्रतियोगिता में पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बालक के खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए सभी आयु वर्गों में शानदार सफलता प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया।

**प्रधानाचार्य ने दी बधाई:** इस शानदार उपलब्धि पर विद्यालय के प्रधानाचार्य रमेश यादव, उप-प्रधानाचार्य सुरेश कुमार, डी.पी. सुनील दत्त, डी.पी. अविनाश श्योराण, पी.टी.आई. बिजेंद्र कुंडू, कोच सोमबीर रेड्डू, रैफरी साहिल, शक्ति तथा धर्मेंद्र पवार ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आगामी जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में भी शानदार प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय परिवार ने भी खिलाड़ियों की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं खेल विभाग को बधाई दी।



**हिसार।** खंड स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में भाग लेते टीमों के खिलाड़ी।

**प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे**

अंडर-14 बालक वर्ग में पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बालक (बरवाला) की टीम प्रथम स्थान पर रही। द्वितीय स्थान राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सरसौद तथा तृतीय स्थान पर बी.आर.एन. पब्लिक स्कूल, जेवरा की टीम रही। अंडर-17 बालक वर्ग में पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बालक (बरवाला) की टीम विजेता रही जबकि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, गुगामाड़ी उप विजेता बनी। अंडर-19 बालक वर्ग में प्रथम स्थान पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बालक (बरवाला) को मिला। द्वितीय स्थान पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, गुगामाड़ी को मिला।



**हिसार।** कबड्डी मैच दमखम दिखाते खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

### डिवाइन लाइट स्कूल की कबड्डी टीमों का

**हिसार।** मंगाली में आयोजित खंड स्तरीय विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता में डिवाइन लाइट स्कूल, लाडवा की कबड्डी टीमों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता के अंडर-14 वर्ग में विद्यालय की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि अंडर-19 वर्ग में टीम ने द्वितीय स्थान हासिल किया। इस शानदार उपलब्धि पर विद्यालय के कोच राहुल लाम्बा ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि उनकी मेहनत, अनुशासन और टीम भावना का यह परिणाम है। उन्होंने विश्वास जताया कि खिलाड़ी भविष्य में भी जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे। इस अवसर पर ग्राम पंचायत लाडवा के सरपंच रामफल पूनिया एवं विद्यालय की प्राचार्या ज्योति मलिक ने विजेता खिलाड़ियों, कोच तथा अभिभावकों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।